भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.09.2024

# आरेडिका में स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 के तहत में वृक्षारोपण एवं साफ–सफाई कार्यक्रम

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 21.09.2024 को माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 एवं "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने टाइप–3 कॉलोनी में वृक्षारोपण किया तथा साफ–सफाई कार्यक्रम के अभियान में शामिल होकर सभी को प्रोत्साहित किया।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए साफ–सफाई तथा वृक्षारोपण करना आज हम सब की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है । स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है ऐसा हमारे ग्रन्थों में कहा गया है। स्वच्छ वातावरण का मानव के कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसके फलस्वरूप मानव मन में स्वाभिमान एवं गरिमा का भाव जागृत होता है।

माननीय प्रधानमंत्री की अभिनव पहल "एक पेड़ माँ के नाम" को जन भागीदारी से जोड़ने के लिए सभी रेल कर्मी के साथ मिलकर रेलवे आवासों में पेड़ लगाने के लिए अभिप्रेरित किया। उन्होने बताया कि जनभागीदारी के सहयोग के बिना कोई सरकारी पहल पूर्ण नहीं हो सकती जनभागीदारी के सहयोग से लगाए गए पेड़ों के विकास की अधिक संभावना होती है।

प्रधान मुख्य इंजीनीयर श्री एसपी यादव, ने बताया कि आज स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 के तहत टाइप–3 कॉलोनी में में साफ–सफाई एवं पीपल जामुन, अमलतास, सागौन अर्जुन, करेंज आदि के 1570 पौधों का रोपण किया गया। पार्कों के सौंदर्यीकरण के तहत टाइप–3 कॉलोनी के एक पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले एवं अन्य उपकरण लगाए गये।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमओ आभा जैन, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव सहित उच्च्य अधिकारी, कर्मचारी प्रतिनिधि संगठनों और कर्मचारी ने स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण में सहभागिता की।

21.9.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी